Title: Need to provide special package for industrial development in Bihar.- Laid.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : अध्यक्ष महोदय, बिहार औद्योगिक दृटि से देश का अत्यंत पिछड़ा राज्य है। यहां पर उद्योग धंधे न के बराबर है। केन्द्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश, उत्तरांचल एवं जम्मू व कश्मीर में कंपनियों को आयकर और एक्साइज में छूट देते हुए विशो प्रोत्साहन पैकेज मंजूर किया है। बिहार में गरीबी और बेरोजगारी को ध्यान में रखते हुए वहां भी इसी तरह की पैकेज की आवश्यकता है, जिससे बिहार का भी औद्योगिक विकास हो सके। वहां भी व्यवसायी लोग अपने कल कारखाने लगा सके। बिहार के बंटवारे के बार वहां कोई भी कल-कारखाने नहीं बचे हैं।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से माननीय उद्योग और वाणिज्य मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि अन्य राज्यों की तरह बिहार में भी औद्योगिक विकास के लिए विशो प्रोत्साहन पैकेज देने की व्यवस्था करें।